# जबलपुर से निज़ामुद्दीन के मध्य दो-दो ट्रिप चलेगी स्पेशल ट्रेन

जबलपुर 13 अगस्त। रेल प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी त्यौहारों के अवसर पर यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यात्री भीड़ को कम करने के उद्देश्य से **गाड़ी संख्या 01707/01708 जबलपुर-हज़रत निज़ामुदद्दीन-जबलपुर के मध्य साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में 02-02 ट्रिप संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इस स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित श्रेणी, शयनयान श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी के कोचेस रहेंगे। यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट एवं मथुरा हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी।** रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से इस स्पेशल ट्रेन की आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है।

**जबलपुर-हज़रत निज़ामुदद्दीन-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन :-**

**गाड़ी संख्या 01707 जबलपुर-हज़रत निज़ामुदद्दीन स्पेशल ट्रेन दिनांक 14 एवं 17 अगस्त 2025 को** जबलपुर स्टेशन से शाम 18:30 बजे प्रस्थान कर कटनी मुड़वारा रात (19:50/20:00), दमोह रात (21:30/21:32), सागर (22:45/22:50), वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी (03:25/03:35), ग्वालियर (04:50/04:55), आगरा कैंट (07:45/07:50), मथुरा (09:00/09:02) होते हुए सुबह 11:10 बजे हज़रत निजामुद्दीन स्टेशन पहुंचेगी।

इसी प्रकार **गाड़ी संख्या 01708 हज़रत निज़ामुदद्दीन-जबलपुर स्पेशल ट्रेन दिनांक 15 एवं 18 अगस्त 2025 को** हज़रत निजामुद्दीन स्टेशन से दोपहर 12:30 बजे प्रस्थान कर मथुरा (14:18/14:20), आगरा कैंट (15:40/15:45), ग्वालियर (18:20/18:25), वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी रात (21:35/21:40), सागर मध्य रात्रि (02:15/02:20), दमोह (03:30/03:35), कटनी मुड़वारा प्रातः (06:00/06:10) होते हुए सुबह 08:10 बजे जबलपुर पहुंचेगी।

रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे इस सुविधा का लाभ उठाएं और स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

---

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/294/2025 दिनांक 13.08.2025

सम्माननीय संपादक, कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकार
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर